दूरभाष–0522–2286709
फैक्स–0522–2286711
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,उ.प्र.
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
www.sudaup.org
e mail-pmusuda@gmail.com

पत्रांक– 5317/110/तीन/97– vi दिनांक 16 फरवरी, 2017

महत्वपूर्ण

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण– शामली, मुज्जफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, अमरोहा, पीलीभीत, लखीमपुर–खीरी, शाहजहॉपुर, बदायूँ।

2. संबन्धित सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/डूडा, उ0प्र0

विषयः– दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित घटकों के साथ ही सूडा/डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति समीक्षा हेतु प्रस्तावित बैठक दिनांक 20.02.2017 को परियोजना अधिकारी/सहा0 परि0 अधिकारी, डूडा उ0प्र0 की प्रतिभागिता के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अभिकरण के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या 5306/110/तीन/97–vi दिनांक 15.2.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रश्नगत पत्र के द्वारा इंगित बैठक में विभिन्न उल्लिखित 14 बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचना के साथ प्रतिभागिता हेतु सम्बन्धित सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/डूडा एवं परियोजना अधिकारी/सहा0 परि0 अधिकारी, डूडा को निर्देशित किया गया था।

उक्त क्रम में एजेण्डा बिन्दु संख्या 11 में जो कि मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा योजना की प्रगति समीक्षा विषयक है के सम्बन्ध में यथा उल्लिखित जनपद शामली, मेरठ, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, सम्भल, बरेली, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, एवं बदायूँ का उल्लेख कर जनपद स्तरीय निर्गत प्रमाण–पत्र (मुख्यालय द्वारा पूर्व निर्गत निर्धारित प्रारूप पर) साथ लेकर आना निर्देशित है।

टंकण त्रुटिवश उक्त जनपदों के नाम अंकित हो गये हैं। जबकि उक्त सभी जनपदों से इंगित प्रमाण–पत्र अभिकरण पर पूर्व में प्राप्त हो चुके हैं। **उक्त के स्थान पर मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, रामपुर, पीलीभीत तथा शाहजहॉपुर जनपदों से प्रमाण–पत्र अप्राप्त है। अतः इन सभी जनपदों के स्तर से बैठक में उल्लिखित प्रमाण–पत्र लाया जाना अपरिहार्य है।**

समविषयक पूर्व निर्गत पत्र दिनांक 15.2.2017 में बिन्दु संख्या 15 को समाहित करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि अरबन स्टेटीस्टिक्स फॉर एच0 आर0 एण्ड असेस्मेंट(USHA) योजना के अन्तर्गत जनपद मुज्जफ्फरनगर, बागपत मेरठ, कासगंज, रामपुर तथा शाहजहॉपुर जनपद के परियोजना अधिकारी प्रश्नगत योजनामद में अवशेष धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र

क्रमशः............2/

(यू0सी0) प्रत्येक दशा में लेकर आएं। व्यय न हो पाने की स्थिति में अवशेष धनराशि का बैंक ड्राफ्ट साथ लेकर आएं। अनुपालन न किए जाने की स्थिति में व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक/
निदेशक सूडा, उ0प्र0

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, कैम्प/अपर निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प सूडा उ0प्र0।
2. संबंधित शहरों के सहा0 परियोजना अधिकारी/परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि बैठक में समस्त सुसंगत सूचनाओं सहित स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
3. सूडा के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आयोजित बैठक में समीक्षा बिन्दुओं सम्बन्धित पूर्ण विवरण समय से प्रस्तुत कर बुकलेट/पी0पी0टी0 बनवाने में अपनी समीक्षा आख्या प्रस्तुत करने व भाग लेने हेतु।
4. महाप्रबन्धक सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को समय से समस्त प्रगति आख्या भेजने, अपनी समीक्षा रिर्पोट प्रस्तुत करने व बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
5. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक/
निदेशक सूडा, उ0प्र0